तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 13 जुलाई 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

11 3 नवीन आपराधिक कानून पर पत्रकारों के साथ हुई कार्यशाला



12 आने वाला समय संचार क्रांति का होगा : सांसद




# फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - मो.- 76972 12782 (1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

**आवेदन की अंतिम तिथि 20/07/2024**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



Advt.



**प्रवेश प्रारंभ**
B.P.Ed., B.P.E., PGDCA, DCA, BCA, PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
**नेताजी सुभाष कॉलेज**
बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 99261-62830


## दोहरे हत्याकांड का खुलासा: एसपी ने पत्रवार्ता में दी जानकारी, छोटे बेटा नितेश गिरफ्तार

# जिस तवे से मां रोटी बनाकर देती थी उसी से बड़े भाई व मां पर वार किया, फिर नाड़े से गला दबाकर दोनों की कर दी थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर में हुए मां व बेटे की हत्या के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। दोहरे हत्याकांड मामले में पुलिस ने छोटे बेटे को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। इससे पूर्व दोनों भाइयों में प्रापर्टी बेचने और अच्छे से सेटल होने की बात पर विवाद होता था। लेकिन घटना की रात आरोपी सिगरेट पी रहा था जिसे देखकर उसका बड़े भाई नाराज हुआ इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और उसने आवेश में आकर घर पर रखे तवा से उसके सिर पर हमला कर दिया। दोनों के बीच झगड़े की आवाज सुनकर मां भी जाग गई और उसने बड़े बेटे का पक्ष लिया और उसे थप्पड़ जड़ दिया। इससे नाराज होकर उसने मां पर भी तवे से हमला कर दिया जिससे दोनों बेहोश हो गए जिसके बाद दोनों को जान से मारने की नियत से अपने चड्डा के नाड़े से दोनों का गला घोंटकर हत्या कर दी। मामले का खुलासा करते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने पत्रवार्ता में बताया कि अनुपमा टॉकीज चौक निवासी गुप्ता परिवार के नितेश गुप्ता ने ही अपने बड़े भाई नीलेश गुप्ता और मां गायत्री गुप्ता को पहले तवा से मारकर बुरी तरह घायल कर दिया और बाद में बरमूडा के नाडे से दोनों की गला घोंट कर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई की रात मृतका गायत्री गुप्ता और बड़ा पुत्र एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर रात 10 बजे वापस घर लौटे इस दौरान आरोपी उनका इंतजार कर रहा था। मां व बेटे की सामान्य बातचीत हुई फिर तीनों सो गए। रात लगभग 2:30 बजे आरोपी नितेश गुप्ता सिगरेट पीने उठा और आंगन में जाकर सिगरेट पीने लगा इसी दौरान आहट से बड़ा भाई नीलेश गुप्ता भी उठ गया। उसने नितेश से इतनी रात जागने की वजह पूछी जिस पर आरोपी नितेश गुप्ता ने सिगरेट पीने की बात कही। जिससे बड़ा भाई नीलेश नाराज हो गया और नितेश को डांटने लगा। जिससे दोनों के बीच हाथापाई की स्थिति बन गई। नितेश ने आवेश में आकर वहां रखे लोहे के तवे से नीलेश के सिर पर वार कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। इस बीच दोनों की आवाज सुनकर मां गायत्री गुप्ता जाग गई और उसने अपने बड़े बेटे को घायल देख छोटे बेटे नितेश गुप्ता को फटकार लगाते हुए थप्पड़ जड़ दिया। इससे आरोपी का गुस्सा और भड़क गया और उसने अपनी मां पर भी तवे से वार कर उन्हे बुरी तरह घायल कर दिया। दोनों को लगभग बेहोशी की अवस्था में देखकर उसने पूर्व में दोनों भाइयों के बीच हो रहे विवाद व मां का बड़े भाई का साथ देने से नाराज नितेश ने दोनों को खत्म करने का मन बनाया। अपने बरमूडा के नाड़े को निकाल कर पहले अपने बड़े भाई नीलेश और बाद में अपनी मां गायत्री गुप्ता का गला घोंट दिया। इसके बाद आरोपी ने स्वयं को बचाने शातिराना खेल खेला और स्वयं को हल्की फुल्की चोट पहुंचाई और उसी रस्सी से अपने पैर हाथ को बांधकर बाथरूम में सुबह तक पड़ा रहा। पत्रवार्ता के दौरान एएसपी महेश्वर नाग, सीएसपी उदित पुष्कर, डीएसपी नासिर बाठी, थाना प्रभारी कोतवाली सुरेश जांगड़े, थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर थाना प्रभारी परपा दिलबाग सिंह व सायबर टीम मौजूद थी।

- छह माह से प्रापर्टी बेचने को लेकर चल रहा था विवाद
- आरोपी शादी नहीं होने व देनदारों का उधार चुकाने को लेकर रहता था तनाव में

### लोगों के उधार व लोन चुकाने तथा बड़े भाई के विवाह नहीं करने से भी था परेशान

आरोपी नितेश का पिछले छह माह से अपने बड़े भाई के साथ लोगों के रूपए लौटाने व प्रापर्टी बेचने को लेकर विवाद चल रहा था। इससे दोनों के संबंध में दरार पड़ चुकी थी। उसे अपने व्यवसाय में लगातार नुकसान हो रहा था और उसके साथ साइबर ठगी भी हो गई थी। कुछ फाइनेंस कंपनियों से उसने साढ़े 3 लाख रूपए लोन भी ले रखा था, जिसकी वजह से वह तनाव में रहता था। आरोपी नितेश ने पुलिस को बताया कि उसका एक अन्य बिरादरी की लड़की से प्रेम संबंध भी था। परन्तु बड़े भाई की शादी न होने के चलते वह अपनी शादी नहीं कर पा रहा था। इसमें मां भी बड़े भाई का साथ देती थी यही वजह दोनों की हत्या का कारण बना।



### बड़े से विवाद पर हुआ उग्र की दो की हत्या

नीतेश ने पुलिस को बताया है कि घटना की रात दोनों में विवाद हुआ और दोनों के बीच हाथापाई के दौरान बड़ा भाई नीचे गिर गया। लोहे के तवे से उस पर वार कर दिया। मां जब बीच बचाव के लिए आई, तब उसी तवे से उस पर भी हमला कर दिया। जिस तवे से वह उसे रोटी बनाकर देती थी। तवे से किए गए हमले में मां व बड़ा भाई बेहोश हो गए जिसके बाद उसने दोनों का गला घोंटकर हत्या कर दी। वहीं दोहरे हत्या को लूट का रूप देने के लिए उसने आलमारी के सामान को बिखेर दिया। स्वयं पर ब्लेड से चोट पहुंचाई और अपने हाथ पैर को रस्सी से बांधकर बाथरूम में लेट गया। फारेसिंक एक्सपर्ट से घटना स्थल का निरीक्षण कराया गया जो नितेश पर संदेह होने पर तकनीकी एवं तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर पूछताछ की गई। पूछताछ में नीतेश टूट गया और मां और भाई की हत्या का अपराध करना कबूल कर लिया।

## खबर संक्षेप

### ऑटो मोबाइल संचालक पर 35 हजार का जुर्माना

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा गुरुवार को एक प्रकरण में आवेदक को वर्धमान ऑटोमोटिव द्वारा प्राप्त की गई वाहन मरम्मत की राशि वापस करने और 35 हजार रूपए का जुर्माना अदा किए जाने का आदेश दिया। इसमें आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा आदेश जारी किया गया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी सुधांशु उर्फ हेमु उपाध्याय ने वर्धमान ऑटोमोटिव के माध्यम से एक एचजीवी ट्रक क्रय किया था। उसके वाहन में निरंतर खराबी आने के कारण आवेदक द्वारा वाहन को वर्धमान ऑटोमोटिव के जगदलपुर एवं रायपुर स्थित संस्थान में ले जाकर मरम्मत करवाई गई थी। जिसे हेतु ऑटोमोबाइल संचालक द्वारा मरम्मत व्यय की 21 हजार 112 रूपए आवेदक से प्राप्त की गई थी। आवेदक द्वारा वाहन में उचित मरम्मत कार्य न करने और मरम्मत राशि प्राप्त करने से क्षुब्ध होकर जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि आवेदक की वाहन वारंटी पीरियड के दौरान से ही खराब हो गई थी। वर्धमान ऑटोमेटिव के जगदलपुर और रायपुर स्थित गैरेज में उसे खराबी के भिन्न-भिन्न कारण बता कर वाहन की उचित मरम्मत नहीं की गई थी। आवेदक से मरम्मत की राशि प्राप्त की गई थी जो कि सेवा में कमी और व्यावसायिक कदाचरण की श्रेणी में आता है इसलिए वर्धमान ऑटोमोटिव को 35 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

### लोहा चोरी के आरोप में दो जेल दाखिल



**बचेली।** पुलिस ने लोहा चोरी करने वालों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दंतेवाड़ा जिले में बढ़ रहे चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं चोर गिरोहों पर कड़ी कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कपिल चंद्रा किरन्दुल के मार्गदर्शन में चोर गिरोहों को गिरफ्तार कर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश पर आरोपी हेमंत विश्वास उम्र 22 वर्ष निवासी रेतीपारा वार्ड क्रमांक 4 बचेली एवं ईश्वर मांझी उम्र 18 वर्ष निवासी नगर पालिका वार्ड क्रमांक 5 बचेली के द्वारा बचेली आईपीटी हॉस्टल के पास रखे लोहे के कबाड़ सामान को चोरी किया गया था। पता तलाश के दौरान 10 जुलाई को आरोपी हेमंत विश्वास एवं ईश्वर मांझी के कब्जे से चोरी किये लोहा ▶▶| शेष पेज 10 पर

# पशुओं में लंपी वायरस का प्रकोप क्वारंटीन सेंटरों की करें व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में विगत वर्ष के भाँति इस साल भी मवेशियों में फैलने वाला रोग लंपी वायरस पैर पसार रहा है। विगत वर्ष हुए इस वायरस से कई पशुपालकों के गौवंश सहित आवारा विचरण कर रहे मवेशियों की अकाल मृत्यु हो गयी।

बजरंग दल जिला संयोजक घनश्याम नाग ने बताया कि पैर पसार रहे लंपी वायरस प्रकोप के रोकथाम के लिए उचित प्रबंधन के संबंध में संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला बस्तर को गुरुवार को ज्ञापन सौंप व्यवस्था बहाल करने की मांग की गई है। उन्होंने ने बताया की बस्तर जिले में पुनः लंपी वायरस के प्रकोप से पशुपालक चिंतित है। इस वायरस से पीड़ित गौवंश शहर के कंगोली, धरमपुरा, कुम्हारपारा, लालबाग, तेतरखुटि सहित ग्रामीण इलाके के तोकापाल, बस्तर लोहांडीगुड़ा में देखें गए है। विगत वर्ष पूर्व इस वायरस के चपेट में आने से सैकड़ों गौ वंश की मृत्यु हुई थी व इस वायरस के रोकथाम के लिए विगत वर्ष प्रशासन द्वारा कंगोली परपा में क्वारंटाइन सेंटर बनाया गया था ताकि वायरस पीड़ित गौवंश के चपेट में स्वस्थ गौवंश ना आ सके और वायरस पीड़ितों का उपचार किया जा सके। इस दौरान विहिप प्रांत सदस्य प्रचार प्रसार विभाग रोहन कुमार,बजरंगदल जिला संयोजक घनश्याम नाग,जिला सह संयोजक मुन्ना बजरंगी,नगर संयोजक भवानी सिंह चौहान,नगर उपाध्यक्ष अजय यादव,नगर साप्ताहिक मिलन प्रमुख सन्नी रैली,नगर सह मंत्री नितेश सेठिया,सुंदर कश्यप,तमिश नायडू,शत्रुघ्न कश्यप,रोहित झा,धर्मेंद्र सेठिया,अमन धीवर,काशी चालकी, आशीष नायडू व अन्य बजरंगी उपस्थित थे।

- टीकाकरण करने व पशु बाजार बंद करने संयुक्त संचालक को सौंपा ज्ञापन



### पामेला व लोहंडीगुड़ा पशु बाजार तत्काल बंद करें

घनश्याम नाग ने मांगपत्र में उल्लेख करते कहा कि स्वस्थ गौवंश को टीकाकरण कर बचाने के प्रयास के साथ अन्य राज्यो से आ रहे वायरस ग्रस्त गौवंश के रोकथाम के लिए पामेला पशु बाजार मेडिकल कॉलेज के सामने व लोहंडीगुडा पशु बाजार बंद किये जाए व भविष्य मे होने वाले भयावह स्थिति से निपटने वर्तमान में पशुओं का टीकाकरण किया जाए। साथ ही पशु बाजारों पर रोकथाम,वायरस पीड़ित गौवंशों के इलाज के लिए मेडिकल टीम के साथ क्वारंटाइन सेंटर की व्यवस्था की जाए।

## मध्यान्ह भोजन की अव्यवस्था पर नाराज हुए कलेक्टर

**बीजापुर।** कलेक्टर अनुराग पाडेय ने मांझीगुड़ा स्थित डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल का आज औचक निरीक्षण कर स्कूल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन हेतु बच्चों की बैठक व्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर किये। मध्यान्ह भोजन कमरे के अंदर कराए जाने और बरामदे में भी मध्यान्ह भोजन हेतु आवश्यक ▶▶| शेष पेज 10 पर



# गोंचा महापर्व में भगवान जगन्नाथ को 56 भोग का किया गया अर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर गोंचा महापर्व के रियासतकालीन परंपरानुसार आज शुक्रवार देर शाम को गुडिचा मंदिर-जनकपुरी, सिरहासार भवन में 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के द्वारा भगवान जगन्नाथ स्वामी को 56 भोग का अर्पण किया गया। 56 भोग का अर्पण में ओंकार पांडे का परिवार का योगदान लगातार चला आ रहा है। समाज के पंडित उदयनाथ पानीग्राही एवं शुभांशु पाढ़ी के माध्यम ▶▶| शेष पेज 10 पर

- गुडिचा मंदिर-जनकपुरी, सिरहासार भवन में 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज ने अर्पित किया



# संविदा डॉक्टरों के भरोसे आयुष अस्पताल व हेल्थ वेलनेस सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के आयुष विभाग के अस्पताल एवं हेल्थ वेलनेस सेंटर संविदा डॉक्टरों के भरोसे चल रहा है। जिले में आयुष विभाग में 73 डॉक्टरों का सेटअप स्वीकृत है, वर्तमान में 43 संविदा डॉक्टर, 18 नियमित डॉक्टर पदस्थ हैं और 12 डॉक्टरों का पद रिक्त है। अस्पताल एवं हेल्थ वेलनेस सेंटर में सिमित संसाधन में ही मरीजों का उपचार होता है। जिले के ज्यादातर आयुष अस्पताल बदहाली का दंश झेल रहा हैं। हालांकि प्रचार-प्रसार न होने के कारण लोगों में आयुर्वेद को लेकर जागरुकता का भी अभाव ▶▶| शेष पेज 10 पर

- जिले में आयुष विभाग में 73 डॉक्टरों का सेटअप स्वीकृत पर 43 संविदा डॉक्टर




### हर्बल गार्डन का किसी का ध्यान नहीं

जिला आयुष अस्पताल भवन परिसर में हर्बल गार्डन रोपित किया गया, जिसमें से 19 वनौषधी पौधे में से आमलकी, अश्वगंधा, बला, भूम्यामलकी, ब्राह्मी, गुडूची, हरिद्रा, कुमारी, मण्डूक पर्णी, निम्ब, शतावरी, शुण्ठी (उदरख), तुलसी, एरण्ड, निर्गुडी एवं वासा के पौधों का रोपण किया गया है। इस गार्डन से मरीजों को बाहर से खरीद कर औषधी नहीं जाना पड़ेगा, इसी से ही वनौषधी से मरीजों का उपचार कर सकें, पर हर्बल गार्डन का किसी का ध्यान नहीं है।

## महिला बाल विकास के अफसर के निरीक्षण में मिली आर्थिक गड़बड़ी

# तबादले के दो साल बाद बाबू न चार्ज दे रहा न हिसाब-किताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के एकीकृत महिला बाल विकास विभाग में बाबू अफसरों पर भारी पड़ रहा है। तबादले के 2 साल बाद से वह न चार्ज दे रहा है और ना ही हिसाब-किताब। जिसके चलते पिछले अगस्त 2022 से खाता बही का काम आधा-अधूरा पड़ा हुआ है।

मिली जानकारी के मुताबिक महिला बाल विकास परियोजना बस्तर में पदस्थ रहे बाबू अमरनाथ राजदेव का तबादला बकावण्ड में हो गया है। कोण्डागांव से प्रमोशन में अगस्त 2022 को बस्तर आए बाबू रमेश नेताम को आज तक चार्ज नहीं सौंपा गया है। लगभग 2 साल से परियोजना बस्तर में हिसाब-किताब का काम आधा-अधूरा पड़ा है। अनेक बार रमेश नेताम ने बाबू अमरनाथ राजदेव को चार्ज देने को कहा। वहीं परियोजना अधिकारी ज्योति मथरानी ने भी लिखित आदेश जारी किया, बावजूद चार्ज नहीं सौंपा गया। असल बात यह हैकि जब अमरनाथ राजदेव बस्तर में पदस्थ रहे उस दौरान यहां के परियोजना अधिकारी उत्तराकुमार राठिया थे। इस समय यह दोनों बकावण्ड में पदस्थ हैं। बस्तर में पदस्थापना के दौरान आर्थिक गड़बड़ी ▶▶| शेष पेज 10 पर

- अनेक पत्रों का भी जबाव नहीं दे रहा
- परियोजना अधिकारी को भी कारण बताओ नोटिस

### दोनों को दिया गया है नोटिस

चार्ज सौंपने के लिए बाबू को कई नोटिस दिया गया है। वहीं बकावंड परियोजना अधिकारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अभी तक जबाव नहीं आया है। सप्ताहभर के भीतर प्रभार नहीं सौंपने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**-अरूण कुमार पाण्डेय**
जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला बाल विकास विभाग जगदलपुर




### परियोजना अधिकारी की लापरवाही

परियोजना अधिकारी बस्तर ज्योति मथरानी ने कहा कि रमेश नेताम को चार्ज सौंपने के लिए मैंने बकावण्ड तबादले में गए बाबू अमरनाथ राजदेव को लिखित में नोटिस दिया है। उच्च कार्यालय में भी पत्र भेजा है। वहीं बकावण्ड के परियोजना अधिकारी उत्तराकुमार राठिया ने कहा कि प्रभार सौंपने का मामला बस्तर परियोजना का है, इसलिए इस विषय में कुछ नहीं कह सकता। वहीं विभागीय सूत्रों ने बताया कि राठिया और राजदेव बस्तर में रहे। हिसाब-किताब का मामला उसी समय से लंबित है, इसलिए दोनों के बीच मिलीभगत और आर्थिक अनियमितता साफ दिखाई पड़ता है।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### बढ़ते अपराध पर अंकुश के लिए समीक्षा की कमी

**जगदलपुर।** जनता कांग्रेस जे के संभागीय अध्यक्ष एवं बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य सयोजक नवनीत चांद ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र मे लगातार बढ़ते अपराध पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बयान जारी करते हुए कहा कि गृह मंत्री, जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन प्रमुख द्वारा बस्तर के ग्रामीण क्षेत्र मे सामाजिक टकराव के चलते बिगड़ता ला एन आर्डर, थाना प्रभारियो द्वारा सिविल पुलिसिंग के आभाव के चलते अपराधियों के हौसले बढ़ रहे हैं। शहर में बढ़ते अपराध पर अंकुश हेतु समीक्षा की कमी शांति के प्रतीक जगदलपुर अब अपराधपुर के नाम से पहचाना जा रहा है। उन्होंने गृह मंत्री, जनप्रतिनिधि, डीजीपी, आईजी, कमिश्नर, कलेक्टर, एसपी को बस्तर हित मे पत्र लिख,बस्तर मे बिगड़ते ला एन आर्डर, जगदलपुर मे बढ़ते अपराध पर अंकुश हेतु प्रदेशिक स्तरीय जिला समीक्षा, विभागीय स्तर प्रमुख जिला के थाना प्रभारियों के पदों पर जन हितेषी कानून के रक्षक एवं क्षमता वान व्यक्तित्व की नियुक्ति की मांग रखेगा ताकि बस्तर को अपराध एवं भय मुक्त बनाया जा सके।



### रजनीश ने माना आभार

**जगदलपुर।** वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के वर्तमान दायित्वों के साथ संसदीय कार्य विभाग का प्रभार मिलने पर भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष रजनीश पानीग्राही ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सफल कार्यकाल के साथ बस्तर गोंचा पर्व के शुभ अवसर पर मिले संसदीय कार्य विभाग के दायित्व के सफल संचालन के लिए भगवान श्रीजगन्नाथ के असीम कृपा एवं आशीर्वाद सदा बने रहने की कामना की है।



### मानव सेवा केन्द्र में पौधारोपण आज

**जगदलपुर।** बस्तर चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष मनीष शर्मा ने बताया कि गणपति रिसॉर्ट के सामने बनने वाले मानव सेवा केन्द्र के मैदान में शनिवार को पौधरोपण किया जाएगा। सुबह 10 से 12 बजे तक होने वाले कार्यक्रम में पत्रकारों को भी पौधे लगाने आमंत्रित किया गया है।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर हुई निबंध व पोस्टर मेकिंग स्पर्धा



**जगदलपुर।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर इनरव्हील क्लब की ओर से हाईस्कूल, एमएलबी स्कूल, स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं शासकीय स्कूल धरमपुरा में हाल ही में विद्यार्थियों के लिए निबंध और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष डॉ.सरिता थॉमस, सचिव रेशमा चामड़िया, सदस्य अरूणा जोबनपुत्र, रजनी अग्रवाल, सौम्या, स्वेता, दीपिका, नूतन, सुषमा झा, रीता आदि शामिल रहे।

# स्वच्छता की रीढ़ को मजबूत करने का किया जा रहा प्रयास : आयुक्त

## बंद 5 एसएलआरएम संचालन दोबारा शुरू होने से स्वच्छता कार्य मे आएगी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- शहर के सभी एसएलआरएम सेंटर को किया गया सक्रिय

निगम प्रशासन शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य में लगातार बेहतर ढंग से सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित करने का कार्य एक कार्ययोजना के साथ कर रहा है। इसके लिए डोर- टू -डोर कचरा संग्रहण शत प्रतिशत होगा तब शहर स्वच्छ व सुंदर बनेगा। स्वच्छ सर्वेक्षण की रीढ़ को मजबूत करने का नगर निगम प्रशासन लगातार प्रयासरत है। डोर- टू -डोर कचरा संग्रहण वाहन शहर के सभी क्षेत्रों में इस पर कार्य योजना के साथ निगम प्रशासन कार्य कर रहा है। डोर- टू -डोर कचरा संग्रहण कार्य 100 प्रतिशत करने के लिए एक टीम वर्क के साथ कार्य किया जा रहा है। पूर्व वर्षों में शहर में 11 एसएलआरएम सेंटर मे से केवल 5 ही संचालित होते थे। वर्तमान में शहर में वर्तमान में सभी 11 एसएलआरएम सेंटर को सक्रिय किया गया है।आयुक्त हरेश मंडावी के मुताबिक यह सब एक्सरसाइज स्वच्छता की रीढ़ को मजबूत करने पर ज्यादा फोकस किया जा रहा है।

सभी सेंटरों में स्वच्छता दीदी शहर से निकलने वाले कचरे को पृथक-पृथक करने का कार्य कर रही है। साथ ही वार्डों में वार्ड के सुपरवाइजर के द्वारा नुक्कड़ों को समाप्त करने का कार्य भी किया जा रहा है। वार्ड में चलने वाले डोर- टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन में संग्रहण के पश्चात नुक्कड़ पर कचरा फेंकने वालों को समझाइस देने के साथ निगम के द्वारा जुर्माना भी संबंधित के विरूद्ध किया जा रहा है। वहीं जिन वार्डों में कचरा गाड़ी नहीं आ रही है उसके निदान के लिए 1100 टोल फ्री नंबर पर फोन कर कचरा संग्रहण वाहन नहीं आने की शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

### जनप्रतिनिधियों के आपसी समन्वय से शहर बनेगा स्वच्छ

विधायक किरण देव के कुशल मार्गदर्शन एवं महापौर और अन्य जनप्रतिनिधियों के आपसी समन्वय से शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाएंगे। आयुक्त हरेश मंडावी ने बताया शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए निगम प्रशासन लगातार प्रयासरत है,डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों में लोगों द्वारा पृथक पृथक कर कचरा दिया जा रहा है। लेकिन कई लोगों के द्वारा नुक्कड़ो में कचरा निष्पादन कर लापरवाही की जा रही है। जिसे नगर निगम की टीम के द्वारा नुक्कड़ में कचरा फेंकने पर समझाइश के साथ जुर्माना की कार्रवाई भी किए जाने का निर्देश दिया गया है।



### स्वच्छता की रीढ़ को मजबूत करने का प्रयास

आयुक्त मंडावी ने बताया स्वच्छता की रीढ़ को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। डोर- टू-डोर कचरा संग्रहण शत प्रतिशत शहर में हो कचरा वाहन सभी स्थलों पर पहुंच जाए इस पर कार्य योजना के साथ निगम प्रशासन कार्य कर रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है जिसमें सभी के सहयोग की आवश्यकता होगी। हम सभी को मिलकर जगदलपुर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना है।

## बीएसएनएल दूरसंचार सलाहकार समिति बैठक 4जी के त्वरित क्रियान्वयन पर जोर

# आने वाला समय संचार क्रांति का होगा : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारत संचार निगम लिमिटेड, बस्तर वाणिज्यिक क्षेत्र द्वारा शहर के होटल अविनाश इंटरनेशनल में दूरसंचार सलाहकार समिति की वर्ष 2024-25 के दूसरे सत्र की बैठक सांसद बस्तर महेश कश्यप की अध्यक्षता में की गयी।

बैठक का आयोजन कार्यक्रम के अध्यक्ष बस्तर संसदीय क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप सदस्य सचिव शरतचन्द्र तिवारी जनरल मैनेजर बीएसएनएल बस्तर वाणिज्यिक क्षेत्र एवं बस्तर संभाग के विभिन्न ज़िलों-क्षेत्रों से आये नामित दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्यों एवं बीएसएनएल अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में 16 से अधिक दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य उपस्थित हुए, जिनमे बस्तर जिले से पप्पू चालकी, राजेंद्र बाजपाई, प्रकाश झा एवं सवेन्द्र सेठिया, कोंडागांव जिले से चन्दन साहू, प्रेम सिंग नाग एवं प्रतोश त्रिपाठी, जसवंत श्रीवास्तव एवं विक्की रवानी,कांकेर जिले से जतिन अटभैया, बीजापुर जिले से बलदेव उरसा, नारायणपुर जिले से भगवती हलधर दंतेवाडा जिले से भूपेन्द्र निर्मलकर, मोहन एवं उर्दा ठाकुर शामिल हुए।

कार्यक्रम के अध्यक्ष सांसद महेश कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की 5 वीं अर्थव्यवस्था बन गया है तथा सम्पूर्ण विश्व के मार्गदर्शक के रूप में कार्य कर रहा है। आने वाला समय संचार क्रांति का समय होगा, जब हम इन्टरनेट के माध्यम से घर बैठे ही सभी प्रकार की बैठकें, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि की सलाह प्राप्त किया करेंगे। बीएसएनएल को डाटा-इन्टरनेट एवं अन्य संचार सेवाएं दूरवर्ती गांवों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी होगी। सांसद ने आश्वासन दिया कि बीएसएनएल को दूरसंचार सेवाओं के प्रचार प्रसार में किसी भी प्रकार की मदद की आवश्यकता होगी तो वे सहर्ष अपना सहयोग देने हेतु तत्पर रहेंगे। सांसद बस्तर ने बीएसएनएल की सेवाओं को पहुंच और गुणवत्ता में विश्वस्तर की बनाने पर जोर दिया। बस्तर के नेटवर्क विहीन गांवों-क्षेत्रों में बीएसएनएल के नये टावर लगाने और कार्यरत टावरों में सिग्नल-डाटा की स्थिरता बनाने के लिए बीएसएनएल टीम बस्तर को प्रोत्साहित किया।

### माकड़ी व कोंडागांव में बीएसएनएल टॉवर विस्तार करने की मांग

कोंडागांव जिले के सदस्य चन्दन साहू एवं विक्की रवानी ने अपने उद्बोधन में सांसद महेश कश्यप एवं बीएसएनएल जीएम शरतचन्द्र तिवारी को माकड़ी एवं कोंडागांव विकासखंड क्षेत्रों के विभिन्न ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं नेटवर्क कवरेज बढ़ाने के लिए नए टावर लगाने लिए शीघ्रता से कार्यवाही करने का आग्रह किया। बस्तर संभाग के अन्य ज़िलों-क्षेत्रों से आये सदस्यों ने 4जी के त्वरित संस्थापन और डाटा स्पीड में स्थिरता के लिए सुझाव दिये।

### कमजोर सिंग्नल एवं पॉवर बाधा दूर करने पर जोर

दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्यों द्वारा उठाये गए कमजोर सिग्नल एवं पॉवर बाधा को दूर करने के लिए उचित कदम उठाने एवं नई बैटरियों के संस्थापन की जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त भारतनेट परियोजना की दोनों फेज की विस्तृत जानकारी दी गयी तथा इस महत्वपूर्ण परियोजना के स्थानीय ग्राम स्तर पर संभावित उपयोग का विवरण दिया गया।





### घर के भीतर सिग्नल सुनिश्चित हो

बैठक में बस्तर जिले के सदस्य राजेंद्र वाजपेयी ने बीएसएनएल सेवाओं के व्यापक विस्तार के साथ मूल्यवर्धक ऑनलाइन उपयोग के लिए दूरसंचार की महत्व सबंधी चर्चा की। साथ ही सलाहकार समिति

### जीएम ने 4जी सेवा पर प्रकाश डाला

बैठक में बीएसएनएल बस्तर जीएम शरतचन्द्र तिवारी ने बस्तर संभाग में हाल ही में आरंभ की गई बहुप्रतीक्षित पूर्णस्वदेशी 4जी सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि बस्तर संभाग के दूरस्थ क्षेत्रों में 4 जी सैचुरेशन परियोजना के तहत लगभग 26 से अधिक मोबाइल टावर 4जी तकनीक में सफलतापूर्वक उपग्रेड किये जा चुके हैं कुल 222 नये मोबाइल टावरों की संस्थापना का कार्य प्रगति में है जिनमे 134 जगहों पर 4 जी सेवाओं के लिए टावर संस्थापन एवं विधुत कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, उपकरणों की उपलब्धता के साथ इन स्थानों में 4जी सेवाओं का विस्तार प्रगति में है।

## कलेक्टर ने किया सखी सेंटर में पौधारोपण



- जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान अन्तर्गत एक पेड़ मां के नाम पर पौध रोपण

**जगदलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका के साथ ही समुदाय की महिलाओं एवं बच्चों में पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। केन्द्रों में जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान के अन्तर्गत एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर विजय दयाराम के. ने शहर के सखी सेंटर में आज पौधरोपण किया। साथ ही सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, डीपीओ अरुण पाण्डेय ने भी पौधरोपण किया। साथ ही जल शक्ति से नारी शक्ति के लिए शपथ भी लिया गया। विभाग द्वारा ग्राम की महिला समूहों, महिला मंडल, ग्राम स्तर की सभी महिलाओं को एकत्र कर पानी की महत्ता जैसे-स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, पानी का संचयन, रेनवाटर हार्वेस्टिंग तथा खराब पानी का अन्य उपयोग इत्यादि विषय पर जानकारी देकर प्रत्येक घरों में पानी के संचयन के लिए उपयुक्त व्यवहार परिवर्तन की कार्यवाही करने के लिए प्रेरित किया गया। बेटी बचाव-बेटी पढ़ाओ योजना को भी शामिल करते हुए निरंतर व्यवहार परिवर्तन के लिए समुदाय को शामिल किया गया। जिले के प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्र में पांच फलदार पौधों का रोपण किया गया।

# सरपंच संघ नहीं करेगा शासन-प्रशासन के कार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

- नहीं हटाए गए जनपद सीईओ और एसडीओ, सरपंच संघ नाराज

सरपंच संघ ब्लॉक इकाई गीदम ने जनपद पंचायत सीईओ एवं एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा गीदम को हटाने के लिए जनपद पंचायत कार्यालय के प्रांगण में आज बैठक की। जिसमें सरपंच संघ ने जनपद सीईओ और एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्य प्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें हटाने की मांग की। सरपंच संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि हमने जनपद सीईओ और एसडीओ को हटाने के लिए पूर्व में क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी को आवेदन दिया था। उसके बाद भी आज पर्यंत तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसलिए गीदम ब्लॉक के सभी सरपंच अब से शासन-प्रशासन का कोई भी कार्य नहीं करेंगे और काम बंद कलम बंद का एलान करते हुए अनिश्चित कालीन हड़ताल करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान गीदम ब्लॉक के सभी सरपंच व सरपंच संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकार निरंतर जमीनी स्तर पर लाभ पहुंचाने बना रही योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- पइसा आही झटपट न देरी न कोनो गोठबात के तर्ज पर हुआ कार्यक्रम



कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार महारानी अस्पताल के शहीद गुण्डाधुर सभागार में नवा सौगात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका धीमा रानी दादीबर मुख्यमंत्री के नया सौगात, पइसा आही झटपट न देरी न कोनो गोठबात के तर्ज पर किया गया। मितानिन प्रोत्साहन राशि के वितरण में प्रदेश भर में एकरूपता लाने हेतु छत्तीसगढ़ शासन ने मितानिनों को नवा सौगात दिया है। इसका विधिवत उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुवल तौर पर एक बटन दबाकर प्रदेश के मितानिनों के खाते में प्रोत्साहन राशि जमा किया। जगदलपुर के जिला स्तरीय नवा सौगात कार्यक्रम शहीद गुण्डाधुर सभागार में आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद महेश कश्यप उपस्थित रहे। सांसद ने सभी मितानिनों को कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है केंद्र एवं राज्य सरकार निरंतर जमीनी स्तर के लागों तक लाभ पहुंचाने हेतु योजनाएं बना रही है एवं उसका सफल कियान्यवन भी कर रही है। इस कार्यक्रम को उन्होंने प्रदेश सरकार की प्रमुख योजना कहा है, जो जमीनी स्तर पर मितानिनों को लाभान्वित करेगी व मितानिनों को सही समय पर प्रोत्साहन राशि मिल सकेगा। उन्होने मितानिनो की तारीफ करते हुए कहा कि ये शासकीय कर्मचारी न होते हुए भी पूरी ईमानदारी के साथ सामुदायिक कार्य करते हैं, ये सच्चे समाजसेवी हैं। निरंतर समुदाय में रहकर गर्भवती माता से लेकर बच्चों के टीकाकरण के साथ-साथ शिक्षा व जागरूकता का कार्य सफलता पूर्वक कर रहे हैं। कार्यकम में मुख्य रूप से जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री, भाजपा के नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, सुर्य भुषण सिंह, गजेंद्र पगारे, पोषा टाटी, जिला डाटा प्रबंधक कुवंरदीप मरकाम, अस्पताल सलाहकार नीरज ओझा, कविता बघेल, नईम कुरैशी (मितानिन क्वॉडिनेटर), शीला सार्वा, रजन्ती कश्यप, (जिला मितानिन समन्यवक), उमाशंकर साहु साइकोलॉजिस्ट, प्रशांत श्रीवास्तव, नरेश मरकाम, मितानिन प्रशिक्षक के अलावा मितानिनें शामिल हुई।

# अभाविप ने बाइक रैली निकाल मनाया स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फायर ब्रिगेड भगवाधारी छात्र संगठन 9 जुलाई को स्थापना दिवस पर पीजी कॉलेज जगदलपुर में स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर माल्यार्पण करके एवं बाइक रैली निकाल स्थापना दिवस मनाया। बाइक रैली अग्रसेन चौक से शहीद पार्क एसबीआई चौक से होते हुए माई दंतेश्वरी मंदिर के प्रांगण पर समापन किया गया। अभाविप के शैलेष ध्रुव ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने 1948 में अपना कार्य प्रारंभ कर दिया जो बाद में 9 जुलाई 1949 को विधिवत पंजीबद्ध छात्र संगठन बना।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण है। विद्यार्थी परिषद के अनुसार, छात्रशक्ति ही राष्ट्रशक्ति होती है। राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए छात्रों में राष्ट्रवादी चिंतन को जगाना ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का मूल उद्देश्य है। इस संगठन मैं नहीं होता है हम की भावना से कार्य किया जाता है। जो विश्व का एकमात्र सामाजिक छात्र संगठन है। इस दौरान अश्विन पिल्ले,गौरव भवानी, अचिन शर्मा, निशांत, दीपक, करण बघेल, मनीष मिश्रा, मनीष बेस, निखिल राजकमल, पुनव, कुंजाम,दिव्यराज राणा समेत अभाविप अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बस्तर में बिगड़ती कानून व्यवस्था राज्य सरकार की विफलता : लखेश्वर

# कांग्रेस लड़ेगी सड़क से लेकर सदन तक की लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि बस्तर संभाग में कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार चिंताजनक होती जा रही है यह राज्य की भाजपा सरकार की बड़ी विफलता है।

उन्होंने कहा कि कभी शांत माना जाने वाला संभाग मुख्यालय जगदलपुर आज रक्त रंजीत है आईजी और एसपी लोगों को नये कानून की जानकारी तो दे रहे हैं पर हत्या, लूट, चोरी, उठाईगिरी, मारपीट जैसे संगीन अपराधों पर शिकंजा न कस पाना और अपराधियों और माफियाराज को बढ़ावा दे रहे हैं जिसकी वजह से जगदलपुर की जनता दहशत के माहौल में जी रही है पता नहीं कब क्या अनहोनी हो जाए। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी हैं इस तरह की अपराध बड़ गया हैं बीते कुछ महीनों में बस्तर जिला में कई वारदात को अंजाम दिया गया हैं जगदलपुर सहमा हुआ है चांदनी चौक में उपद्रवी द्वारा वाहनों को आग लगा देते हैं संजय मार्केट में दिनदहाड़े तलवार लहराए जा रहे हैं जमीन विवाद में ककनार में युवक की हत्या कर दी गई इरिकपाल में दो सगे भाइयों की हत्या कर दी गई सुशासन की सरकार होने का दावा ठोकने वाली भाजपा के हाथ से कानून व्यवस्था पूरी तरह विफल हो चुका है पिछले कुछ महीनो भर में तीन घटनाओं में 5 लोगों हत्या से पूरा बस्तर सहमा हुआ है भाजपा के आतंरिक खींचतान का खामियाजा अब जनता को भुगतना पड़ रहा है जहां अपराधी सड़क पर बैखौफ घूम रहे और पुलिसिंग थानों तक सिमटी हुई है।



बघेल ने कहा की वहीं दूसरी ओर बस्तर संभाग के सुदूर नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के उसूर विकासखंड अंतर्गत ग्राम नड़पल्ली में पुलिस प्रशासन द्वारा जबरन पूरे गांव वालों को थाना कैंप में उठा कर ले जाने व उनके साथ किये जा रहे पुलिसीया अत्याचार प्रकरण की घटना में पुलिस का कृत्य अपराधियों जैसा ही है। विधायक ने कहा कि गुरुवार को छह सदस्यीय जांच समिति के सदस्यों के साथ नड़पल्ली पहुंचकर घटना स्थल पर लोगों से चर्चा कर उनकी बातों एवं समस्या से अवगत हुए इस तरह की दिल दहला देने वाली घटनाओं की हम कड़ी निंदा करते हैं और हमारे आदिवासी भाई-बहनों के साथ न्याय हो बस्तर में शांति और अमन का माहौल हो इसको लेकर हम सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ेंगे।

# वनपालों का हुआ दीक्षांत समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के गीदम रोड स्थित वन विद्यालय में 45 दिवसीय वनपाल कौशल उन्नयन प्रशिक्षण सत्र 60 वां 27 मई से 10 जुलाई तक दीक्षान्त समारोह का आयोजन किया गया। इसमें राज्य के चार वन वृत्तों (कांकेर, रायपुर, बिलासपुर एवं सरगुजा वृत्त) से 48 वनपाल प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसमें स्मार्ट क्लास रूम एवं क्षेत्रीय शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विभागीय गतिविधि, वानिकी सम्बंधित विषयों का प्रशिक्षण दिया गया, साथ ही साथ शारीरिक गतिविधि, खेल, पीटी परेड, प्रायोगिक अभ्यास आदि कराया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जगदलपुर वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा, वन विद्यालय की संचालिका श्रीमती दिव्या गौतम, विद्यालय के सहायक अनुदेशक आरएस कुशवाह, लालसाय मरकाम, रिसोर्स पर्सन एवं वन विद्यालय के कार्यालयीन एवं क्षेत्रीय कर्मचारी शामिल रहे।

